फरीदाबाद सेक्टर-15ए स्थित बीएसएनएल मुख्यालय में महिला कर्मचारी पर जीएम द्वारा गलत व्यवहार करने के विरोध में बुधवार को बीएसएनएल कार्यालय के गेट पर प्रदर्शन करती महिला कर्मचारी। • सुभाष शर्मा

प्रताड़ना मामले में घिरे टेलीकॉम अफसर

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

बीएसएनएल के महाप्रबंधक पर अधिनस्थ महिला जेटीओ द्वारा अनैतिक मांग पूरी न करने पर प्रताड़ित करने के मामल में देर शाम पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

मामले ने तूल तब पकड़ा जब बुधवार को बीएसएनएल की महिला कर्मचारी और कुछ पुरुष कर्मचारी जेटीओ के समर्थन में उतर आए। जीएम दफ्तर पर प्रदर्शन के बाद उन्होंने सेक्टर-15ए पुलिस चौकी में शिकायत दी।

बीएसएनएल में कार्यरत महिला जेटीओ का आरोप है कि तीन साल से महाप्रबंधक पीके श्रीवास्तव द्वारा अनैतिक मांग करते हुए तंग किया जा रहा है। अधिकारी ने उस पर होटल चलने के लिए भी दबाव बनाया। विजिलेंस जांच का फर्जी लेटर भी दिखाया गया। उसके बाद उसके दर्जन भर तबादले हुए। जब विरोध जताया तो उसे तबादले की धमकी दी जाने लगी। मानसिक तनाव के कारण उसका गर्भपात हो गया। महिला अधिकारी के तमाम आरोपों को लेकर बुधवार को विभाग के कर्मचारियों ने जीएम दफ्तर के बाहर नारेबाजी की। सभी ने मिलकर सेक्टर-15ए पुलिस चौकी को शिकायत भी दी। पुलिस चौकी में एसीपी सेंट्रल डॉ. हितेश और सेंट्रल थाना एसएचओ विजय कुमार भी पहुंच गए। उन्होंने पीड़ित महिला अधिकारी से पूछताछ की। महिला कर्मचारियों का कहना था कि ऑफिस से घर जाने के बाद भी काम के बारे में अधिकारी द्वारा एसएमएस किए जाते हैं।

मामला दर्ज

- महिला जेटीओ ने प्रताड़ित करने का लगाया था आरोप
- प्रदर्शन करने के बाद सेक्टर-15ए पुलिस चौकी में दी शिकायत

महिला को प्रताड़ित करने का आरोप गलत है, दरअसल महिला जेटीओ को काम ही नहीं आता है। मैने खुद कभी उसके ट्रांसफर नहीं किए। उसके इंचार्जों के कहने पर ट्रांसफर किए गए। उल्टे महिला जेटीओ पर ही अनियमितता के आरोप हैं।

पीके श्रीवास्तव, महाप्रबंधक

पुलिस को महिला जेटीओ की शिकायत मिली जेटीओ के आरोपों की गंभीरता से जांच की जा रही है। देर शाम अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज हो गया।

विजय कुमार, एसएचओ